दिनांक 21.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्व–सहायता समुह के सदस्यों को नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता को बनाये रखना ही हमारी पहली प्राथमिकता है।

जिसकी शुरुआत स्वयं के घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को अलग–अलग डस्टबीन में रखकर निगम के स्वच्छता मित्र (रिक्शा) को देवें। उन्होने कहा कि कोई भी मिशन की सफलता जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है। स्वच्छता के कार्य में सहयोग कर स्वच्छता रैंकिंग के द्वितीय चरण में भिलाई को देश में सर्वोच्च स्थान दिलाना है। जिसके लिए हमसब स्वयं प्रेरित होकर कार्य करें।

निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने कहा कि स्वच्छता को लेकर लोगों में चेतना जागी है और अब लोग कचरे को सड़क या गली में फेकनें से पहले सोचते हैं कि मैं गलत काम कर रहा हूँ। इस सोच से निकलकर हमें स्वयं शहर की सफाई के लिए आगे आना है और प्रधानमंत्री के इस मिशन स्वच्छता ही सेवा को जन–जन तक पहुंचाना है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने उपस्थित स्व–सहायता समुह की महिलाओं को खुले में शौच से होने वाले बिमारी के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कचरे के पृथक्कीकरण कर सुखे एवं गीले कचरे की उपयोगिता को बताया। स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए उपस्थित महिलाओं को मिशन से जुड़कर मोहल्ले एवं वार्ड के नागरिकों को प्रेरित करने की अपील की।

कार्यक्रम के पश्चात् निगम प्रांगण में लगाये गये कचरे के पृथक्कीरण के स्वरुप तथा जोन 01 से 06 तक के अनुविभाग कार्यालय द्वारा विभिन्न विषयो पर बनाये गये मॉडल का सभी ने अवलोकन किया। 22 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जोन कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम के तहत् निगम प्रांगण में स्व–सहायता समुह एवं नागरिकों को घर से निकलने वाले दैनिक कचरे में से सुखा एवं गीला कचरा को अलग–अलग कर उसके निष्पादन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, पार्षद चुम्मन देशमुख, भैरव सिंह सोनवानी, श्रीमति सुभद्रा सिंह, सुशीला देवांगन, ममता बाग, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, उपायुक्त आर0बी0एस0 चौहान, समस्त जोनायुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर, प्रभारी कार्यपालन अभियंता एम0पी0 साहू, रामायण सिंह, समस्त विभाग

प्रमुख, एवं महिला स्व–सहायता समुह, आजिविका मिशन के मेनेजर, एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी अधिकारी शरद दुबे ने किया।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पलिक निगम भिलाई